हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर - 208002, उ.प्र., भारत
HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

100 YEARS
1921 - 2021

पत्रांकः 966/के0भ0 एवं क्रय/2023 दिनांकः 11/02/2023

## :: कोटेशन आमंत्रण–सूचना ::

विश्वविद्यालय, विभिन्न विभागों एवं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में रखी निष्प्रयोज्य Used Answer Books इत्यादि का Shredding कराने एवं इनकी बिक्री हेतु, सील बन्द कोटेशन आमंत्रित करता है। कोटेशन फार्म का जी0ए0टी0 सहित संकलित मूल्य रू० 500.00 मात्र है, को राष्ट्रीकृत बैंक से एकाउन्ट पेयी डिमाण्ड ड्राफ्ट जो वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर के नाम देय हो, को प्रस्तुत कर क्रय अनुभाग से क्रय किया जा सकता है। प्रस्ताव/कोटेशन दिनांक 27/02/2023 अपरान्ह 02:00 बजे तक विश्वविद्यालय के क्रय विभाग में उपलब्ध बॉक्स में जमा किये जायेंगे। नियम व शर्ते फार्म के साथ उपलब्ध है। कोई या सभी कोटेशन निरस्त करने का अधिकार मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर के पास सुरक्षित है।

11-02-2023
(कुलसचिव)

# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर– 02

**(पूर्ववर्ती:एच.बी.टी.आई.,कानपुर)**

1. कार्य का विवरण :– विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध प्रयुक्त निष्प्रयोज्य उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी इत्यादि का विक्रय।
2. फार्म शुल्क :– रूपये 500.00 (रू0 पाँच सौ मात्र) सभी करों सहित।
3. धरोहर धनराशि :– रूपये 1,000.00 (रू0 एक हजार मात्र)।

REGISTRAR

# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर– 02

(पूर्ववर्ती:एच.बी.टी.आई.,कानपुर)

## कोटेशन दाता का व्यवसायिक एवं कोट की जाने वाली दर का विवरण फार्म

**कार्य का विवरण :– हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के विभिन्न विभागों एवं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं इत्यादि का विक्रय।**

1. कोटेशन दाता/फर्म का नाम : ____________________
2. फर्म के स्वामी का नाम : ____________________
3. मोबाइल नम्बर : ____________________
4. फर्म का GSTIN न0 : ____________________
5. टैन/पैन न0 : ____________________

   (फर्म के नाम की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
6. फर्म/कोटेशन दाता द्वारा कोट की जाने वाली दर (रूपये में) श्रेड़िंग सहित प्रति किलोग्राम में अंकित की जानी है। : रू0 ____________________ प्रति किलोग्राम।
7. धरोहर धनराशि का विवरण : ____________________

   (मूलप्रति संलग्न करें)
8. संलग्नकों की सूची : ____________________
   (स्वप्रमाणित)

   1.

   2.

   3.

   4.

(कोटेशन दाता के हस्ताक्षर एवं मुहर)

कुल सचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–2

# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर– 02
## (पूर्ववर्तीःएच.बी.टी.आई.,कानपुर)

**विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध लगमग 26,000 निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं इत्यादि की श्रेडिंग कराते हुए विक्रय सम्बन्धी नियम एवं शर्तेः–**

## <u>नियम एवं शर्तें</u>

1. सफल फर्म/कोटेशन दाता को विधिवत् कार्य को सम्पन्न कराने के लिए निर्गत होने वाले कार्यादेश एवं अनुबन्ध के अनुसार श्रेडिंग कराते हुए निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकायें उठानी होगी।
2. निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं की बिकी "जहाँ हैं जैसी हैं" के आधार पर श्रेडिंग कराते हुए की जायेगी।
3. फर्म/कोटेशन दाता द्वारा उत्कथित दरें एक वर्ष या अग्रिम आदेशों तक मान्य होगी।
4. विश्वविद्यालय से निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकायें उठाने से पूर्व अनुमानित वजन की सम्पूर्ण देय धनराशि विश्वविद्यालय में अग्रिम के रूप में जमा करनी होगी, जिसका समायोजन वास्तविक मात्रा के मूल्य के आधार पर किया जायेगा। तद्नुसार धनराशि जमा या वापस करनी होगी।
5. निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं की श्रेडिंग के बाद तौल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धर्मकाँटा पर होगी।
6. निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकायें उठाने, भरने, लादने, तौलाई, पैकिंग, श्रेडिंग तथा भाड़े आदि की व्यवस्था एवं उससे सम्बन्धित व्यय फर्म/कोटेशन दाता को ही वहन करना होगा। विश्वविद्यालय इसकी कोई व्यवस्था नहीं करेगा और ना ही इस पर कोई व्यय वहन करेगा।
7. फर्म/कोटेशन दाता को विश्वविद्यालय से समस्त निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकायें कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से 30 दिन के अंदर श्रेडिंग कर उठानी होगी।
8. कोटेशन दाता को धरोहर धनराशि रूपये 1,000/– (रूपया एक हजार मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा जो कि वित्त नियत्रंक, एच.बी.टी.यू., कानपुर के नाम देय होगा।
9. निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के विक्रय पर देय सभी प्रकार का कर (जी0एस0टी0 इत्यादि) फर्म/कोटेशन दाता को देना होगा तथा इससे सम्बन्धित समस्त प्रपत्र विश्वविद्यालय में देना/जमा करनें होंगे।
10. कोटेशन दाता को फार्म शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट मूल रूप में, धरोहर धनराशि रूपये 1,000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट मूल रूप में एवं कोटेशन से संबंधित समस्त मूल प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं कोटेशन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। इनके मूल प्रपत्र आवश्यकतानुसार कोटेशन दाता को प्रस्तुत करना होगा।
11. यदि फर्म/कोटेशन दाता की दरें स्वीकार की जाती है और फर्म/कोटेशन दाता सम्बन्धित निष्प्रयोज्य प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित अवधि में क्रय करने में असमर्थ रहता है तो धरोहर धनराशि रू0 1000.00 (रूपया एक हजार मात्र) जब्त कर ली जायेगी।
12. विश्वविद्यालय को एक कोटेशन या समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
13. कोटेशन दाता को GSTIN पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. कोटेशन दाता को टैन/पैन कार्ड नम्बर का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. विवाद की स्थिति में मा0 कुलपति महोदय, एच.बी.टी.यू. कानपुर का निर्णय अन्तिम होगा तथा उभय पक्षों को स्वीकार करना बाध्यकारी होगा।

**(कुलसचिव)**